50 साल बाद अमेरिका में नई रिफाइनरी

टेक्सास में बनेगी विशाल रिफाइनरी, रिलायंस भी करेगा निवेश

नई दिल्ली, 11 मार्च. पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता के बीच अमेरिका ने ऊर्जा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाने की घोषणा की है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि देश में लगभग 50 वर्षों के बाद एक नई ऑयल रिफाइनरी स्थापित की जाएगी.

इस परियोजना को करीब 300 अरब डॉलर यानी लगभग 25 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ अमेरिका के इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा सौदों में से एक माना जा रहा है. ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर इस परियोजना को अमेरिका की ऊर्जा सुरक्षा, रोजगार और औद्योगिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया. उन्होंने कहा -यह रिफाइनरी अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगी और इसे दुनिया की सबसे स्वच्छ रिफाइनरियों में से एक बनाने का लक्ष्य रखा गया है. लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज की ओर से इस परियोजना में भागीदारी को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. 2024 में एलिमेंट फ्यूल्स ने लगभग 1,60,000 बैरल प्रतिदिन क्षमता वाली रिफाइनरी के निर्माण के लिए जमीन तैयार करने और आवश्यक परमिट हासिल करने की जानकारी दी थी. कंपनी ने बताया कि उसे फरवरी में एक वैश्विक ऊर्जा कंपनी से नौ अंकों का निवेश प्राप्त हुआ है, जिसके बाद कंपनी का मूल्यांकन दस अंकों तक पहुंच गया है.

यूरोप के देश को तेल खरीदना हैं, तो उन्हें अनुरोध करना होगा



पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और तेल कंपनियों पर लगातार हो रहे हमलों के बीच वैश्विक तेल संकट गहराता जा रहा है. इसी बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूरोपीय देशों को तेल की आपूर्ति का प्रस्ताव दिया है. पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यदि यूरोप के देश तेल खरीदना चाहते हैं, तो उन्हें रूस से सीधे संपर्क करना चाहिए और अनुरोध करना होगा.

एलपीजी की कोई कमी नहीं होगी: मंत्री हरदीप सिंह

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आश्वस्त किया है कि भारत में एलपीजी की कोई कमी नहीं होगी. पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद, सरकार विभिन्न स्रोतों और मार्गों से ईंधन का आयात कर रही है. घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सीएनजी और पीएनजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है.

आयुर्वेदिक अनुसंधान को नवीन दिशा

राष्ट्रीय / हरिद्वार, 11 मार्च. भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के उद्देश्य से कार्यरत पतंजलि अनुसंधान संस्थान द्वारा आज एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि प्राप्त करते हुए अत्याधुनिक ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला का औपचारिक उद्घाटन, संस्थान के मार्गदर्शक, धन्वन्तरि स्वरुप, आयुर्वेद को विश्व पटल पर स्थापित करने वाले प्रतिष्ठित वैज्ञानिक आचार्य बालकृष्ण द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस उपलब्धि को और भी विशेष बना दिया.

यह ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला प्रयोगशाला आधुनिक जैव-चिकित्सीय अनुसंधान के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जोकि औषधीय पौधों और आयुर्वेदिक औषधियों के वैज्ञानिक मूल्यांकन को नई दिशा प्रदान करेगी. मनुष्यों से आनुवंशिक समानता के कारण ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला जैवचिकित्सा अनुसंधान में एक शक्तिशाली मॉडल जीव के रूप में उभरी हैं. ज़ेब्राफ़िश की Early Development Stages में पारदर्शी संरचना और तीव्र प्रजनन क्षमता और ड्रोसोफिला मक्खियों के छोटे जीवन चक्र के कारण यह जीव Disease Mechanisms, To&icology और Drug Discovery अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी माने जाते हैं.

इस अवसर पर संबोधित करते हुए आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि भारत की प्राचीन आयुर्वेदिक परंपरा में अपार ज्ञान का भंडार है, जिसे आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से प्रमाणित करना समय की आवश्यकता है.

सोना-चांदी में आई गिरावट

1000 रुपए नीचे आया सोना

5000 रुपए फिसली चांदी

नई दिल्ली, 11 मार्च. सोने और चांदी की कीमतों में पिछले कुछ दिनों से लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है. बुधवार को भी घरेलू वायदा बाजार में इन दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई.

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सुबह के शुरुआती कारोबार में सोना करीब 1000 रुपये तक फिसल गया, जबकि चांदी में 5000 रुपये से अधिक की गिरावट देखी गई. सुबह करीब 11:45 बजे अप्रैल डिलीवरी वाला सोना लगभग 570 रुपये की गिरावट के साथ 1,62,733 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था. वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 3710 रुपये गिरकर 2,74,140 रुपये पर पहुंच गया. हालांकि शुरुआती कारोबार के दौरान चांदी में गिरावट 5200 रुपये से ज्यादा तक पहुंच गई थी. विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक बाजारों में जारी अस्थिरता, डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव और अमेरिका के महंगाई से जुड़े आंकड़ों के कारण सोना-चांदी की कीमतों में यह तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है.

ऐतिहासिक निचले स्तर से उबरा रुपया, 36 पैसे मजबूत

मुंबई, 11 मार्च. अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 36 पैसे मजबूत हुआ और ऐतिहासिक निचले स्तर से उबरकर कारोबार की समाप्ति पर 91.85 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ. पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 39 पैसे टूटकर 92.21 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी जो इसका अब तक का सबसे निचला स्तर है. रुपये में आज शुरू से ही तेजी रही. यह 28.50 पैसे की मजबूती के साथ 91.9250 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. बीच कारोबार में इसमें काफी उतार-चढ़ाव देखा गया. यह ऊपर 91.7150 रुपये और नीचे 92.1925 रुपये प्रति डॉलर तक गया. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में नरमी से रुपये को समर्थन मिला.

देश में किफायती दामों पर है इंटरनेट उपलब्ध

डिजिटल इंडिया के माध्यम से डिजिटल इनक्लूजन के लिए तीन फ्रंट पर काम किया : वैष्णव

नई दिल्ली, 11 मार्च. सरकार ने लोकसभा में कहा कि देश में किफायती दामों पर लोगों को इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है और वर्तमान में 103 करोड़ लोगों तक इंटरनेट की कनेक्टीविटी है जबकि 2014 में यह मात्र 25 करोड़ लोगों थी.

केंद्रीय इलेक्ट्रोनिकस एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में सरकार ने डिजिटल इंडिया के माध्यम से डिजिटल इनक्लूजन के लिए तीन फ्रंट पर काम किया है. सबसे पहले इंटरनेट को सब तक पहुंच को बढाना, उसके दाम को कम करना और तीसरा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना शामिल है. उन्होंने कहा कि जहां 2014 में मात्र 25 करोड लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते थे वहीं आज 103 करोड़ लोगों तक इसकी पहुंच है. उन्होंने कहा कि आज भारत में इंटरनेट सबसे किफायती माना जाता है.

श्री वैष्णव ने कहा कि एआई सम्मेलन के दौरान रोबोट को लेकर जो विवाद उत्पन्न हुआ उस पर तुरंत कार्रवाई की गयी और उस विश्वविद्यालय के स्टाल को सम्मेलन स्थल से हटा दिया गया. केन्द्रीय मंत्री ने रेल मंत्रालय से संबंधित एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि मुंबई में रेल आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है. सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए कवच परियोजना पर भी काम तेजी से चल रहा है.

भारतीय शेयर बाजार फिर धड़ाम

मुंबई. पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को एक बार फिर बड़ी गिरावट रही. बीएसई का सेंसेक्स 1,342.27 अंक (1.72 प्रतिशत) लुढ़ककर 76,863.71 अंक पर आ गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 394.75 अंक यानी 23,866.85 अंक पर बंद हुआ.

मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के अंतर्गत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL HFL) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ता(ओं) से उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस(ओं) में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। उपरोक्त के संबंध में, उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर नीचे दर्शाई गई राशि का भुगतान डिमांड नोटिस की तिथि(ओं) से भुगतान की तिथि तक के अतिरिक्त ब्याज सहित करने के लिए सूचित किया जाता है। ऋणी(ओं) का विवरण, मांग नोटिस की तिथि तक देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के लिए दी गई सुरक्षा निम्नानुसार हैः-

ऋणकर्ता/ गारंटर का नाम	मांग नोटिस दिनांक और राशि	सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण
श्री दीन दयाल कुर्मी श्री प्रकाश कुर्मी श्रीमती कला कुर्मी राधिका होटल, (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10921711)	09-मार्च-2026, रू. 1038389/- (दस लाख अड़तीस हजार तीन सौ नवासी मात्र)	संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जो इस प्रकार हैः प्लॉट संख्याः 364/125, पटवार हलखा संख्या 67, खसरा संख्या 16/9 और 16/1, वार्ड संख्या 22, सागर, तहसील और जिला सागर, मध्य प्रदेश, 470002। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति प्रकारः क्षेत्रफल। संपत्ति का क्षेत्रफलः 968

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त अनुसार IIFL HFL को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो IIFL HFL उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपर्युक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है, जिसका पूरा जोखिम, खर्च और परिणाम उधारकर्ताओं को ही वहन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: शाखा कार्यालयः 183, प्रथम मंजिल, सोनी भवन, एमपी नगर जोन II, भोपाल में अधिकृत अधिकारी से या कॉर्पोरेट कार्यालयः IIFL टावर, प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, चरण-IV, गुड़गांव, हरियाणा से।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 12.03.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए

ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

अहमदाबाद, 11 मार्च. पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा निरंतर सतर्कता बरती जा रही है. इसी क्रम में आरपीएफ ने अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से ठगी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को पकड़कर अग्रिम कार्रवाई हेतु जीआरपी अहमदाबाद के सुपुर्द किया.

हाल ही में दो यात्रियों ने आरपीएफ पोस्ट अहमदाबाद पर शिकायत दर्ज कराई कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें यह कहकर झांसा दिया कि रेलवे परिसर में नकदी लेकर चलना प्रतिबंधित है तथा इसे रेलवे कार्ड में जमा करना आवश्यक है. इस बहाने से पहली घटना में एक यात्री से 12,000 नकद एवं एक मोबाइल फोन ठग लिया गया, जबकि दूसरी घटना में एक अन्य यात्री से 3,000 नकद, मोबाइल फोन तथा उसके बैंक खाते से लगभग 1,00,000 की धोखाधड़ी की गई. घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, अहमदाबाद के मार्गदर्शन में निरीक्षक/ आरपीएफ अहमदाबाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम द्वारा स्टेशन परिसर के सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच करने पर चार संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हुई, जिनका विवरण अपराध शाखा एवं जीआरपी के साथ साझा किया गया. आरपीएफ टीम के एएसआई मान सिंह, सीटी मंजीत कुमार तथा सीआईबी स्टाफ द्वारा स्टेशन परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके दौरान दो संदिग्धों को पकड़ा गया. उनकी पहचान परेश कुमार पटेल (निवासी सूरत) तथा काऊडा (निवासी उदयपुर) के रूप में हुई. पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अपने साथियों मिट्ठू सिंह एवं प्रिंस के साथ मिलकर अहमदाबाद, साबरमती, दिल्ली, सिकंदराबाद, हैदराबाद, जयपुर, भोपाल तथा सूरत जैसे बड़े रेलवे स्टेशनों पर विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाले कम पढ़े-लिखे यात्रियों को निशाना बनाते थे. दोनों अपराधी अपने साथियों के साथ रेलवे स्टेशनों के बुकिंग हॉल, प्लेटफॉर्म आदि स्थानों पर खड़े होकर यात्रियों पर नजर रखते हैं और विशेष रूप से बिहार व उत्तर प्रदेश जाने वाले कम पढ़े-लिखे मजदूर वर्ग के यात्रियों को निशाना बनाते हैं. वे उनसे उनकी भाषा में बातचीत कर विश्वास जीतते हैं और झूठी जानकारी देते हैं कि रेलवे में नगदी या मोबाइल रखना प्रतिबंधित है, इसलिए पैसे व मोबाइल जमा कराकर कार्ड बनवाना पड़ेगा.

प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता बढ़ाने के लिए भरोसे की जरूरत

नई दिल्ली, 11 मार्च. खनन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी वेदांता के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि भारत के पास प्रचुर प्राकृतिक संसाधन है, लेकिन उसका दोहन कर आयात पर निर्भरता कम करने के लिए व्यवसायों पर अधिक भरोसा करने की जरूरत है.

नाम परिवर्तन

मैं BHARAT BHUSHAN SHUKLA पहले मेरा नाम BHARAT SHUKLA था. मैंने अपना नाम बदलकर BHARAT BHUSHAN SHUKLA कर लिया है. अतः अब मुझे मेरे नए नाम BHARAT BHUSHAN SHUKLA से जाना व पहचाना जाए. **पता**- 107 LALA LAJPAT RAI COLONY RAISEN ROAD GOVINDPURA BHOPAL (MP)

R.N.- 61913

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौर्य देव बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी म.प्र. में रजिस्टर्ड थी। CIN : U45200MP2012PTC029815 व Registration Number 29815 जिसके डायरेक्टर श्री स्वर्ग. विनय कुमार मौर्य एवं विभु मौर्य निवासी पिपरिया तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम मध्यप्रदेश थे। यह कंपनी एवं कंपनी का आंध्रा बैंक का खाता सन-2019 में बंद कर दिया गया है। एवं उक्त कंपनी के खाते की चैक बुक एवं कुछ दस्तावेज भी पूर्व में गुम हो गए है। यदि किसी को भी उक्त कंपनी के या खाते के दस्तावेज मिले तो उनका किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न किया जावे इसलिए यह सूचना आमजन को जारी की जा रही है।

सूचना कर्ता - शिभु मौर्य पिता स्वर्गीय विनय मौर्य अधिवक्ता, समानता भवन पिपरिया जिला नर्मदापुरम मध्यप्रदेश

PUBLIC NOTICE

NOTICE IS GIVEN TO PUBLIC AT LARGE that **Churchgate Investments and Trading Company Private Limited,** a company duly incorporated under the provisions of the Companies Act, having its registered office address at 301-308, 3rd Floor, Bhagwati House, A/19,Veera Desai Road, Andheri (West), Mumbai- 400 058, had entered into various loan agreements with **Sonika Engineering and Constructions Limited**, as Borrower, having its registered office address at 46, Malviya Nagar, Ram Laxmi Parisar, 2nd Floor Flat No. 3, Bhopal (M.P.), 462 003 and **Mrs. Sonika Ajay Dubey** as personal guarantor.

It is hereby stated that the aforesaid loans availed by Sonika Engineering and Constructions Limited and Mrs. Sonika Ajay Dubey have been secured by way of registered Deed of Mortgages in favor of Churchgate Investments and Trading Company Private Limited, in respect of various immovable properties and the same is valid and subsisting till date. Since, Sonika Engineering and Constructions Limited and Mr. Sonika Ajay Dubey have committed defaults in repayment of the outstanding dues under the loan facilities Churchgate Investments and Trading Company Private Limited have initiated appropriate legal proceedings before the Hon'ble High Court of Bombay against them for recovery of the outstanding loan amounts and enforcement of mortgage in respect immovable properties belonging to them. In addition to aforesaid legal proceedings, a Criminal Complaint bearing No. 322/24 has also been lodged before the Economic Offences Wing (EOW), Indore Unit and EOW, Indore authorities have taken cognizance of the aforesaid matter, thereby registering criminal case against Sonika Engineering and Constructions Limited and Mrs. Sonika Ajay Dubey under offence of cheating, dishonestly or fraudulently preventing the creditor under Section 60, 316, 318, 321, 322 of the Bhartiya Nanya Sanhita 2023.

Accordingly, all person(s)/entity(ies) including but not limited to an individual, Company, Bank(s), Financial Institution(s), Non-Banking Financial Institution(s), a Partnership Firm, Limited Liability Partnership, Association of persons or a body of individuals whether incorporated or not, Lender(s) and/or Creditor(s), the general public and any person(s) are hereby cautioned of the aforesaid on-going legal proceedings and are hereby advised to exercise its due diligence before entering into any transactions, arrangements, dealings with Sonika Engineering and Constructions Limited & Mrs. Sonika Ajay Dubey and/or or creating any third-party rights in respect of the immovable properties, mortgaged by and/or belonging to Sonika Engineering and Constructions Limited and/or Mrs. Sonika Ajay Dubey.

This notice is being issued in the interest of safeguarding the legal rights and claims of Churchgate Investments and Trading Company Private Limited against Sonika Engineering and Constructions Limited and/or Mrs. Sonika Ajay Dubey.

Churchgate Investments and Trading Company Private Ltd.
Sd/-
Authorized Signatory

Date: 12th March, 2026.
Place: Mumbai.

कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा

(स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन विभाग)

क्रमांक 1839/ स्वा. वि. / ई-टेण्डरिंग / 2026 — खण्डवा, दिनांक 09/03/2026

-: निविदा विज्ञप्ति :-

नगर पालिक निगम खण्डवा मे निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य की निविदा का विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	ऑनलाईन पोर्टल	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7
1	2026_UADD _488630_1	Offers invitiang Sterilization & |Immunization of Stray Dogs in KMC Under Animal Birth Control Programme	21.00	21000/-	5,000/-	निविदा जारी होने के दिनांक से आगामी एक वर्ष तक

1. निविदा ऑनलाइन कय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक :- 06/04/2026 (शाम 5.30 बजे तक)
2. निविदा खोलने की दिनांक :- 08/04/2026 (प्रातः 10.30 बजे)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा

उपायुक्त
नगर पालिक निगम, खण्डवा

फार्मा इंडस्ट्री पर ईरान युद्ध का दबाव

नई दिल्ली. ईरान में जारी युद्ध का असर अब सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ सकता है. तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति पर संकट के बाद अब दवाओं की कीमतों में भी बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है. फार्मा उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि दवा निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल, खासकर एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स और फार्मास्युटिकल सॉल्वेंट्स की कीमतों में पिछले दो हफ्तों में करीब 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है.

In The Court of IV Civil Judge, Class-I, District Court, Betul

Presiding Officer : श्री राजकुमार भद्रसेन

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCSA/0000018/2023)

सीताराम .... वादी

Vs

अंशुल .... प्रतिवादी

847/26
Process ID- /2026
पेशी दिनांक- 23/03/2026

प्रेषिती

1. पुष्पा पति कमलेश राठौर पता- जे.के. रोड मीनारा रेन्सीडेंसी मकान नं. 187 नियर एम.पी.ई.बी. ग्राउंड भोपाल तहसील व जिला भोपाल मध्यप्रदेश.
2. ललिता पति रमेश राठौर पता- कालीसिन्ध तहसील कालीसिंध जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश.

यह कि प्रार्थी सीताराम ने आपके विरुद्ध सिविल सूट क्लास एसू के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

यह आज तारीख 24 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर कर दिया गया है.

नोट- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर होगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.

(सील)

न्यायाधीश
राजकुमार भद्रसेन
सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, जिला बैतूल (म.प्र.)

कब्जा नोटिस (अचल संपति के लिए) नियम 8-(1)

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री अभिनाश यादव श्रीमती रजनी बाई यादव (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10487333)	पटवारी हल्का क्रमांक 42, खसरा क्रमांक 308, मकान क्रमांक 24, वार्ड क्रमांक 1, क्षेत्रफल 1937 वर्ग फुट, स्थित ग्राम सिरवाड़, ग्राम पंचायत सिरवाड़, तहसील मक्खन नगर, जिला नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश, 461661, भारत। क्षेत्रफल प्रशासनिक विवरण (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 1937.00, 1000.00, 800.00	रू. 440512/- (चार लाख चालीस हजार पाँच सौ बारह मात्र)	17/10/ 2025	07/03/ 2026
श्री विक्रम तोमर, श्री. शिवराज सिंह तोमर, श्रीमती प्रतिमा तोमर, मिल्क डेरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10509298)	खसरा संख्या 34, पीएच नं. 08, वार्ड संख्या 07, ठाकुर मोहल्ला, ग्राम- पनवासा, तहसील और जिला होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, भारत, पिन संख्या 461661। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 600.00, 330.00, 413.00।	326515/- (तीन लाख छब्बीस हजार पाँच सौ पंद्रह मात्र)	16/10/ 2025	07/03/ 2026

अधिक जानकारी के लिए, शाखा कार्यालयः 249, द इंफिनिटी, प्रथम मंजिल, मध्य प्रदेश नगर जोन II, तुलसी होटल के निकट, भोपाल-462011 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 12.03.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

कार्यालय नगर परिषद, बुधनी जिला सीहोर म.प्र.

Email.cmobudni@mpuraban.gov.in Tel. no.07565-235558

क्रमांक - / mptenders /2026/496 — दिनांक 09.03.2026

-:ई-निविदा आमंत्रण सूचना:-

एतत् द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट - https://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	ई-टेण्डर आईडी	कार्य का नाम एवं कार्य स्थल	अनु.लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा क्रम संख्या	समय अवधि
1.	2026_UAD_ 489540_1	वार्ड क्र. 08 सी.सी. रोड़ रिटेनिंगवॉल एवं पुलिया निर्माण कार्य	92,96, 259/-	54848/-	10,000/-	प्रथम	1 वर्ष

उक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र बेवसाईट पर ऑन लाईन भुगतान प्राप्त हो सकेंगे। उपरोक्त सभी कार्यों में जी.एस.टी का भुगतान निम्नानुसार पृथक से किया जाएगा।

टीप- विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिए https://.www.mptenders.gov.in पर सुविधा उपलब्ध है। निविदा संबंधी शर्तें एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय नगर परिषद बुधनी पर संपर्क करें। निविदा में संशोधन की जानकारी पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जावेगी। समस्त संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज कराये जावेंगे।

संतोष रघुवंशी
मुख्य न.पा.अधिकारी

सुनीता अर्जुन मालवीय
अध्यक्ष नगर परिषद बुधनी

फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

PhoenixARC

पंजीकृत कार्यालयः तीसरी मंजिल, वालेस टावर 139-140/बी/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे क्रॉसिंग, विले पार्ले (पूर्व) मुंबई - 400 057. **दूरभाषः** 022- 6849 2450, फैक्सः 022- 6741 2313
सीआईएनः U67190MH2007PTC168303 **ईमेलः** info@phoenixarc.co.in, **वेबसाइटः** www.phoenixarc.co.in

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के साथ। इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड - समनुदेशक के रूप में जाना जाता था) द्वारा ऋण के समनुदेशन के अनुसरण में फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड को गिरवी रखी गई निम्नलिखित संपत्ति, बकाया राशि और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए "जैसी है जहाँ है, जैसी है और बिना किसी सहारे के" के आधार पर "ऑनलाइन ई-नीलामी" के माध्यम से बेची जाएगी, जैसा कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नीचे विस्तार से बताया गया है। 2002) को वेबसाइटः www.phoenixarc.co.in/ के माध्यम से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार खरीदा जा सकता है।

ई-नीलामी की तिथि और समयः 27-03-2026 / सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक (प्रत्येक 15 मिनट के लिए असीमित विस्तार के साथ)

सं. क्र.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ ऋण खाता	मांग सूचना की तिथि और राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि और अग्रिम राशि जमा करने की अंतिम तिथि
1	लैनः LXGUN00217-180054558 शाखाः गुना, ऋणकर्ताः जगदीश लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव, सह-ऋणकर्ताः भारती जगदीश श्रीवास्तव	**28-01-2019 रू. 298695/- (दो लाख अन्ठानवे हजार छह सौ पिनच्यानवे मात्र)**	प्लॉट संख्या 94, बिक्री संख्या 967/1, वार्ड संख्या 35, सार्वजनिक गृह संख्या 65, खेजरा चौकी रेलवे ट्रैक, गुना-473001 मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः रू. 256000/- (दो लाख छप्पन हजार मात्र) ईएमडीः रू. 25600/- (पच्चीस हजार छह सौ मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 26-03-2026
2	लैनः LXBHO00315-160006624, शाखाः भोपाल उधारकर्ताः अनवर शेख अब्दुल कुरेशी सह-उधारकर्ताः शाहीना परवीन कुरेशी गारंटरः मोहम्मद सोहिल मोहम्मद गफ्फार	**07-09-2017 रू. 812409/- (आठ लाख बारह हजार चार सौ नौ मात्र)**	मकान नंबर - 11 - 12 देवकी नगर निशांतपुरा, बैरसिया रोड, नं. गल्ला मंडी 462001 भोपाल भोपाल मध्य प्रदेश भारत	आरक्षित मूल्यः रू. 627645/- (छह लाख सत्ताईस हजार छह सौ पैंतालीस मात्र) ईएमडीः रू. 62764.50/- (बासठ हजार सात सौ चौसठ और पचास पैसे मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 26-03-2026
3	लैनः LXGUN00117-180061659 शाखाः गुना उधारकर्ताः रमेश सूरज सिंह कुशवाह सह-उधारकर्ताः सुरेंद्र रमेश कुशवाह	**28-02-2019 3,54,978/- (तीन लाख चौवन हजार नौ सौ अठत्तर मात्र)**	मकान संख्या 16, मकान संख्या 518, तहसील बामोरी, जिला गुना, बस स्टैंड के पास बामोरी 473105 गुना मध्य प्रदेश	आरक्षित मूल्यः 100000/- (एक लाख मात्र) ईएमडीः 10000/- (दस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 26-03-2026
4	लैनः LXGUN00417-180054579 शाखाः गुना उधारकर्ताः महेश हरकिशन किरार सह-उधारकर्ताः रविकुमारी महेश किरार	**24-06-2019 रू. 8,79,726/- (आठ लाख उन्यासी हजार सात सौ छब्बीस मात्र)**	सर्वे संख्या / 518, मकान संख्या / 16, बामोरी, गुना, मध्य प्रदेश 473105	आरक्षित मूल्यः 100000/- (एक लाख मात्र) ईएमडीः 10000/- (दस हजार मात्र) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 26-03-2026

ई-नीलामी के नियम और शर्तेंः 1. नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बोलीदाता बोली संबंधी जानकारी और सहायता, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली फॉर्म के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स मेसर्स आर्का ईमार्ट प्राइवेट लिमिटेड वेब पोर्टलः https://www.auctionbazaar.com/ पर जा सकते हैं। इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियम और शर्तें और प्रक्रिया देख सकते हैं और तरुण रघुवंशी 9329414448 और विजय सिंह 9372505110, शैलेश अयंगर 9833801159 से संपर्क कर सकते हैं, विवरण उपर्युक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं और उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्कः +91 83709 69696, ई-मेल आईडीः contact@auctionbazaar.com पर संपर्क कर सकते हैं। 2. सभी इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को उपरोक्त पोर्टल https://www.auctionbazaar.com/ पर अपना नाम पंजीकृत कराना होगा और उपरोक्त तिथि और समय पर ई-नीलामी में भाग लेने के लिए निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा। 3. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को सुरक्षित संपत्ति के आरक्षित मूल्य के 10% की वापसी योग्य बयाना राशि के भुगतान का विवरण, पैनकार्ड की प्रतियाँ, कंपनी के मामले में बोर्ड के प्रस्तावों और पते के प्रमाण के साथ उपरोक्त ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि तक या उससे पहले जमा करना होगा। इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित प्रत्येक वस्तु/संपत्ति के लिए अलग-अलग ईएमडी जमा करनी होगी। 4. नीलामी के किसी भी चरण में, प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए और बिना किसी पूर्व सूचना के बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/संशोधित/रद्द कर सकता है या नीलामी स्थगित कर सकता है। 5. सफल क्रेता/बोलीदाता को लागू कानून के अनुसार सुरक्षित संपत्ति को अपने पक्ष में हस्तांतरित/सुपुर्द करवाने के लिए देय सभी वैधानिक बकाया, कर, देय शुल्क, क्रय मूल्य पर लागू जीएसटी, स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि का भुगतान करना होगा। 6. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, भार, नीलामी में रखी गई सुरक्षित संपत्ति के स्वामित्व और सुरक्षित संपत्तियों को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों, जिनमें वैधानिक बकाया आदि शामिल हैं, के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। नीलामी विज्ञापन फीनिक्स की किसी भी प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही करेगा। फीनिक्स का अधिकृत अधिकारी किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। 7. संभावित/इच्छुक बोलीदाता को यह वचन देना होगा कि वह दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 की धारा 29 (ए) के प्रावधानों के अनुसार अयोग्य नहीं है और केवाईसी दस्तावेजों के साथ ऐसा वचन देने में विफल रहने पर उसे स्वतः ही अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा या उसकी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।

स्थानः मध्य प्रदेश
दिनांकः 12.03.2026

अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा

हस्ताक्षरकर्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड